● **पढ़ो, समझो और बताओ :**

# ९. ऐसे उतारी आरती

प्रस्तुत संवाद के माध्यम से आधुनिक तकनीकी ज्ञान, उसके उपयोग एवं जीवन के कार्यों की सहजता को दर्शाया गया है ।



**बताओ तो सही**

अपने भाई/बहन के बारे में बताओ ।

- स्वभाव/गुण
- तुम्हारे प्रति व्यवहार
- दिनचर्या/विशेष प्रसंग

64DCYB

**दृश्य १**

**(रात के आठ बज गए हैं । प्रतीक ने अभी तक खाना नहीं खाया है । उसका मन बहुत खिन्न है । मुँह लटकाए, उदास मन कमरे में बैठा है ।)**

**माँ** : **(आवाज देते हुए)** प्रतीक कहाँ हो ? आठ बज गए । अभी तक तुमने खाना नहीं खाया । जल्दी आओ खाना खा लो । **(प्रतीक कोई उत्तर नहीं देता । बिस्तर पर लेट जाता है । कुछ देर बाद माँ फिर आवाज देती हैं ।)**

**माँ** : प्रतीक तुम सुन क्यों नहीं रहे हो ? खाना खा लो । अभी बरतन साफ करने हैं । कल की पूरी तैयारी भी करनी है । **(प्रतीक धीरे-से आता है । बरतन साफ करने लगता है । उसी समय पिता प्रद्‍युम्न घर में प्रवेश करते हैं ।)**

**पिता जी** : वाह बेटा प्रतीक ! तुम कितने अच्छे हो । माँ के हर काम में सहयोग देते हो । **(पत्नी जाह्‍नवी को आवाज लगाते हुए)** जाह्‍नवी ऽ ऽ ! देखो ! हमारा बेटा बरतन साफ कर रहा है । तुम्हारा हाथ बँटा रहा है । हमारा लाड़ला बेटा कितना अच्छा है !

**माँ** : अरे ! इस बच्चे का मैं क्या करूँ । मेरी एक बात नहीं सुनता ।

**पिता जी** : तुम ऐसा क्यों कहती हो ? यह बेचारा तो तुम्हारा सहयोग ही कर रहा है ।

**माँ** : अपना बेटा अच्छा है । घर के हर काम में सहयोग करता है; यह भी सही है पर अभी तक उसने खाना भी नहीं खाया है । मैं कब से उसे आवाज लगा रही हूँ ।

**पिता जी** : **(प्रतीक के सिर पर हाथ फेरते हुए)** बेटे ! क्या बात है ? अभी तक खाना क्यों नहीं खाया ? **(प्रतीक पिता जी को पकड़कर फफककर रोने लगता है ।)**

**माँ** : अरे ! क्या हुआ बेटा ? क्यों रो रहे हो ? मुझे बताओ तुम्हें क्या चाहिए ?

**प्रतीक** : **(सुबकते हुए)** कल रक्षाबंधन है । दीदी अभी तक आई ही नहीं ।

**माँ** : अरे बेटा ! इसमें रोने की क्या बात है ? दीदी ने तो तुम्हें पहले ही राखी भेज दी है ?

**पिता जी** : बेटा तुम्हारी दीदी हर साल तो आती ही है । इस वर्ष उसके नाटक का मंचन है । वह नाटक की तैयारी कर रही है । उसने ई-रेल से टिकट भी आरक्षित करना चाहा पर उसे मिला नहीं इसीलिए नहीं आ पा रही है । अगले साल रक्षाबंधन पर तो आ ही जाएगी ।

**प्रतीक** : मुझे दीदी की बहुत याद आ रही है । वे घर पर रहती हैं तो घर में कितनी रौनक रहती है ? उनके बिना

❑ संवाद का मुखर वाचन कराएँ । प्रश्नोत्तर एवं चर्चा के माध्यम से पाठ के प्रमुख मुद्‍दों को स्पष्ट करें । कक्षा में संवाद का गुट में नाट्‍यीकरण करावाएँ । संचार के विविध माध्यमों एवं उनकी उपयोगिता पर चर्चा करें ।



## सुनो तो जरा

यू ट्यूब/सी. डी. पर हिंदी कवि सम्मेलन की कविताएँ सुनो और सुनाओ ।

कैसा रक्षाबंधन ? उनके बिना मेरी आरती कौन उतारेगा ?

**पिता जी :** अच्छा तो ये बात है ? **(कुछ सोचते हैं...)** तो ठीक है, अब तुम खुश हो जाओ । तुम्हारी दीदी कल तुम्हारी आरती जरूर उतारेगी ।

**प्रतीक :** **(खुशी से उछलकर)** सच पिता जी ! दीदी मेरी आरती उतारेंगी ! पर कैसे ?

**पिता जी :** ये तुम मुझ पर छोड़ दो । खाना खाकर सो जाओ । कल दीदी तुम्हारी आरती अवश्य उतारेगी ।

**(प्रतीक खाना खाकर सोने चला जाता है । प्रद्‌युम्न जाह्नवी को कुछ समझाते हैं । वह फोन पर प्रतीक की दीदी से काफी देर तक बात करती हैं ।)**

**माँ :** अजी सुनते हो ! संगीता से बात हो गई है । वह तैयार है । आइए, आप भी खाना खाकर सो जाइए ।

**पिता जी :** खाना तो साथ ही खाएँगे । चलो कल की तैयारी में तुम्हारी कुछ मदद करता हूँ ।

### दृश्य २

**(दूसरे दिन सुबह के आठ बजे हैं । प्रतीक साफ-सुथरे कपड़े पहनकर तैयार है । पड़ोस में रहने वाली नूरजहाँ ने उसकी कलाई में राखी बाँध दी है । उसके माथे पर रोली-टीका लगा दिया है ।)**

**प्रतीक :** कहाँ हैं दीदी ? मेरी आरती कब उतारी जाएगी ? **(प्रतीक मचल उठा ।)**


**पिता जी :** चिंता मत करो । तुम उस कुर्सी पर जाकर बैठ जाओ ।

**(प्रतीक वैसा ही करता है । माँ संगणक के कुंजी पटल पर कुछ टाइप करती हैं । सामने स्क्रीन पर आरती की थाल लिए संगीता दिखाई पड़ती है ।)**

**प्रतीक :** अरे वाह ! दीदी आ गई । प्रणाम दीदी । **(प्रतीक खुशी से झूम उठता है ।)**

**दीदी :** मेरे लाड़ले भैया ! खूब पढ़ो-खूब बढ़ो, बड़े बनो । अब सामने देखो । तुम्हारी आरती तो उतार लूँ ।

**(संगीता ने प्रतीक की आरती उतारी । प्रतीक बहुत प्रसन्न था ।)**



❑ संगणक प्रारंभ करने से लेकर ऑन लाईन बातचीत करने की की संगणकीय प्रक्रिया पर चर्चा करें । उक्त प्रक्रिया का अभ्यास करवाएँ । रेडियो, टी. वी. की क्रिकेट कमेंट्री की नकल कराएँ । 'मेरा प्रिय खिलाड़ी' विषय पर निबंध लेखन हेतु प्रेरित करें ।



## मैंने समझा

---------------------------------------------------------------
---------------------------------------------------------------
---------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नया शब्द**
**खिन्न** = दुखी
**मुहावरे**
**मुँह लटकाना** = नाराज होना
**हाथ बँटाना** = सहयोग देना
**फफककर रोना** = फूट-फूट कर रोना



## मेरी कलम से

आकाशकंदील एवं राखी बनाने की विधियाँ क्रमशः लिखो ।

सामग्री — कृति



## विचार मंथन

विश्‍वास की नींव पर ही रिश्ते मजबूत बनते हैं ।



## वाचन जगत से

पंडित जवाहरलाल नेहरू जी द्‌वारा लिखित 'पिता के पत्र पुत्री के नाम' पुस्तक पढ़ो ।




## खोजबीन

रक्षा बंधन से संबंधित ऐतिहासिक कहानी यू ट्यूब/अंतरजाल पर खोजकर पढ़ो ।



## स्वयं अध्ययन

अपने देश में 'सात बहनें' के नाम से प्रसिद्‌ध राज्यों को किन नामों से जाना जाता है, बताओ और लिखो :



## अध्ययन कौशल

किसी एक पाठ के आधार पर टिप्पणी लिखो ।

*** पाठ के आधार पर वाक्य का पहला हिस्सा लिखो :**

(क) .................... इसीलिए नहीं आ पा रही है ।  (ख) .................... मदद करता हूँ ।

## सदैव ध्यान में रखो

विविधता में एकता हमारी सांस्कृतिक विरासत है ।

## भाषा की ओर

पढ़ो, समझो और अर्थ के अनुसार अन्य दो वाक्य बनाकर लिखो ।

| | |
|---|---|
| १. विधानार्थक | अध्यापक कक्षा में पढ़ाते हैं ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| २. निषेधार्थक | स्वाति नक्षत्र की बूँद जब तक सीप में नहीं गिरती, मोती नहीं बनती ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ३. प्रश्नार्थक | क्या तुम दिए काम को कर सकोगे ?<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ४. आज्ञार्थक | तुम्हें जो बताया गया है, उसे पूरा करो ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ५. संकेतार्थक | बारिश जो आज आए, तो बुआई अच्छी हो ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ६. विस्मयादिबोधक | तुमने जो खिलौना बनाया है, वह तो बहुत अच्छा है !<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ७. इच्छा बोधक | वह जैसा भी रहे, सुख से रहे ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |
| ८. संदेश सूचक | बारात पहुँच चुकी होगी और शादी हो रही होगी ।<br>१ ..............................................................<br>२ .............................................................. |